**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–**19 जून** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्नाव में 570 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की दी सौगात। कानपुर में प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला को संबोधित किया। कहा– किसानों की आय बढ़ाना है सरकार की प्राथमिकता।
- नई दिल्ली में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत दो हजार चार सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। प्रदेश के सत्रह जिलों में भी आयोजित कार्यक्रमों को वर्चुअल माध्यम से करेंगे सम्बोधित।
- यूपी एटीएस ने पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी गैंग से जुड़े दो संदिग्धों को किया गिरफ्तार। सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी नेटवर्क के सम्पर्क में थे बुलंदशहर जिले के दोनों आरोपी।
- आज आगरा में आयोजित हो रही है ब्रिक्स एमएसएमई फोरम और एसएमई वर्किंग ग्रुप की बैठक। चीन, रूस और ब्राजील सहित 21 देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल उन्नाव में पांच सौ सत्तर करोड़ रुपये से अधिक लागत की एक सौ एक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। ग्राम पंचायत डीह के हिंदु खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार विरासत की रक्षा के साथ–साथ विकास यात्रा को निरंतर गति प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध है। श्री योगी ने कहा कि लखनऊ से उन्नाव होते हुए कानपुर तक रैपिड रेल चलाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जिससे आसपास के जिलों को बेहतर आवागमन सुलभ होगा।

**अब लखनऊ में विकास जो भी होगा, वह लखनऊ तक सीमित नहीं होगा। वह सीधे उन्नाव होते हुए कानपुर तक जाएगा और इसके लिए जैसे दिल्ली के अंदर आप देखते होंगे दिल्ली से देश की पहली रैपिड रेल दिल्ली से मेरठ तक पहुंच गई है। एक प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं लखनऊ से। हम उन्नाव होते हुए कानपुर तक रैपिड रेल के एक नए प्रस्ताव को लेकर के भी चल रहे हैं। एक रिंग रोड बनेगा पूरा चारों ओर। लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, सीता ताराबंकी, रायबरेली यह सब जिले आपस में जुड़ेंगे।**

मुख्यमंत्री ने कल ही कानपुर में चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्राकृतिक खेती पर आयोजित कार्यशाला में भी हिस्सा लिया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती कृषि को अधिक लाभकारी और पर्यावरण के अनुकूल बनाने का सशक्त माध्यम है।

श्री योगी ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिये उन्हें सभी सुविधाएं दे रही है।

**प्रधानमंत्री कृषक बीमा योजना के माध्यम से उन अन्नदाता किसानों को फसल की गारंटी की सुरक्षा मिली। आपदा में गारंटी की सुरक्षा मिली। पहली बार प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई की गारंटी मिली। पहली बार अन्नदाता किसान के लिए प्रोक्योरमेंट के सेंटर स्थापित हुए और पहली बार अन्नदाता किसानों के लिए किसान सम्मान मिले की घोषणा यानी एक एक कड़ी को जोड़ते गए आपको जो फर्टिलाइजर कॉपरेटिव सोसाइटी में मिलती है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उस बैग की कीमत होती है 4,000 रुपये। यहां पर यूरिया का दाम आपको मिलता है। उसका एक चौथाई से भी कम है। ये सारी सब्सिडी भारत सरकार भरती है।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अयोध्या जाएंगे। वह अयोध्या नगर निगम की कुल दो सौ इक्यानवे करोड़ रुपये की लागत वाली दो सौ पैंतालिस परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' के तहत दो हजार चार सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का वितरण करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री देश भर के लाभार्थियों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। योजना के तहत प्रदेश के लखनऊ, ग्रेटर नोएडा, वाराणसी और मेरठ सहित सत्रह जिलों में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस योजना का उदेश्य रोजगार सृजन में तेजी लाना, रोजगार क्षमता बढ़ाना और सभी सेक्टरों में सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करना है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि योग भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत में बहुत मजबूती से समाया हुआ है और देश की सीमाओं को पार कर चुका है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रतापराव के एक लेख को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कैसे प्राचीन ग्रंथों से लेकर वैश्विक मान्यता तक योग ने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत में अपनी जड़े जमाये रखते हुए सीमाओं को पार किया है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले बारह वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सिद्धांतों पर भारत में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आकाशवाणी समाचार, इस अवसर पर विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज बात नक्सलवाद के उन्मूलन और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास के लिए सरकार के महत्वपूर्ण प्रयासों की।

**पिछले कुछ वर्षों में कई बड़े सुरक्षा अभियानों ने माओवादी नेटवर्क को कमजोर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्ष 2022 में झारखंड के बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में ऑपरेशन ऑक्टोपस चलाया गया। इसी वर्ष फरवरी में ऑपरेशन डबल बुल के तहत झारखंड के गुमला, लोहरदगा और लातेहार जिलों को नक्सली प्रभाव से मुक्त कराया गया। ऑपरेशन थंडरस्टॉर्म के तहत झारखंड के सरायकेला, पश्चिमी सिंहभूम और खूंटी जिलों में नक्सलियों के ठिकानों को निशाना बनाया गया। वर्ष 2025 में तेलंगाना–छत्तीसगढ़ सीमा पर चलाए गए ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट ने बचे हुए नक्सली कैडर को बड़ा झटका दिया। नक्सलियो की फंडिंग रोकने में राष्ट्रीय जाँच एजेंसी एन.आई.ए. ने भी अहम भूमिका निभाई, इससे नक्सली सगंठनो के संसाधनो और गतिविधियों पर बड़ा असर पड़ा। विशेष अवसंरचना योजना के तहत स्पेशल फोर्स, राज्य खुफिया शाखओ और जिला पुलिस को मजबूत बनाने के लिए एक हजार 761 करोड़ रुपये की परियोजनओ को मंजूरी दी गई। इसके अलावा नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रभावित क्षेत्रो में 596 सुदृढ़ पुलिस थानों का निर्माण भी किया गया। अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वाड–यूपी एटीएस ने पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी गैंग से जुड़े बुलंदशहर जिले से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इन पर गैंग के आतंकी नेटवर्क से जुड़ कर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। अपर पुलिस महानिदेशक–कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि दोनों आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तान स्थित नेटवर्क के सम्पर्क में थे।

**********

आगरा में आज भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा पहले ब्रिक्स एमएसएमई फोरम और तीसरी एसएमई वर्किंग ग्रुप की बैठक होगी। इस कार्यक्रम की थीम– 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण' रखी गई है। ब्रिक्स फोरम की बैठक में ब्राजील, चीन, मिस्र, रूस,दक्षिण अफ्रीका और भारत सहित ब्रिक्स देशों और सहयोगी देशों के नीति निर्माता, उद्योगपति और उद्यमी हिस्सा लेंगे। एक रिपोर्ट–

**बैठक में एमएसएमई के लिए वित्त और तकनीक तक पहुंच, सतत विकास तथा वैश्विक सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। ब्रिक्स एसएमई फोरम से ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने और एमएसएमई के विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए एक सहयोगात्मक वातावरण विकसित करने की उम्मीद है। यह फोरम सहभागी देशों के ज्ञान का आदान प्रदान करने और उभरते अवसरों की पहचान करने और समावेशी एवं सतत आर्थिक विकास में योगदान देने वाली साझेदारियां बनाने का अवसर भी प्रदान करेगा। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।**

**********

शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने रविवार को होने वाली नीट–यूजी पुर्नपरीक्षा की तैयारियों के आकलन के लिए कल एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने परीक्षा प्रकिया में ईमानदारी, पारदर्शिता और दक्षता के उच्च मानकों को बनाये रखने पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को स्वतंत्र और निष्पक्ष पुर्नपरीक्षा आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने और सतर्कता बरतने के निर्देश दिये।

**********

बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिये संभव अभियान के छठवें चरण की शुरुआत कल लखनऊ में प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास और पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को वर्ष दो हजार सैंतालिस तक विकसित राष्ट्र बनाना चाहते है। इसके लिए बच्चों का सुपोषित होना बहुत जरूरी है।

**********

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस जून तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में कहीं कहीं लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने दो तीन दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस के क्रमिक बढ़ोत्तरी की भी संभावना जतायी है। विभाग के मुताबिक प्रदेश के पश्चिमी जिलों में आज और कल, जबकि पूर्वी जिलों में आज कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

**********